तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 22 जुलाई 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 पंचायतों के कंधों पर गांव के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी...



12 स्वच्छता समिति की बैठक में सभापति का पति भी हुआ शामिल



कामटेक महाविद्यालय
First AICTE Approved College
संबद्धता-उच्च शिक्षा छ.ग. शासन एवं पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि.
B.Sc
BCA
B.Com
PGDCA
DCA
सीमित सीटें
सेमेस्टर सिस्टम (100% रिजल्ट)
ST, SC, OBC 100% UPTO SCHOLARSHIP BASE ADMISSION
आज ही संपर्क करें प्रातः 10 से 2 बजे
अंबेडकर चौक, सोरिद पुल के पास सोरिद नगर धमतरी, मो. 9425503082

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 372 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**धमतरी।** जिले में एक जून से अब तक 372.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में अब तक सर्वाधिक औसत वर्षा 489.8 मि.मी. धमतरी तहसील और सबसे कम 232 मि.मी. औसत वर्षा मगरलोड तहसील में दर्ज की गई है। इसी तरह कुकरेल तहसील में 476 मि.मी., नगरी तहसील में 399.3 मि.मी., कुरूद तहसील में 353.6 मि.मी., भखारा तहसील में 353.3 मि.मी. और बेलरगांव तहसील में 323.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले में आज की औसत वर्षा 11.1 मि.मी. दर्ज की गई है। इसमें धमतरी तहसील में 18 मि.मी., कुरूद तहसील में 4.3 मि.मी., मगरलोड में 5.7 मि.मी., नगरी में 10.9 मि.मी., भखारा में 2.1 मि.मी., कुकरेल तहसील में 7 मि.मी. और बेलरगांव तहसील में 29.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### आस्था विद्या मंदिर के सात छात्रों का पीएटी में चयन

**जीजामगांव।** आस्था विद्या मंदिर तरसींवा में 12वीं के विद्यार्थियों तुमेश कुमार, चूड़ामणि, पुष्पेंद्र कुमार, टेकेश कुमार, मुकेश कुमार, हेमा रानी, भीम कुमार ने पीएटी 2025 में प्रथम प्रयास में सफलता अर्जित कर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के साथ राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा हेतु स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य नुरेंद्र देवांगन, शिक्षिका लक्ष्मी साहू, शिक्षक डाविन साहू ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष जताया है। प्राचार्य ने बताया कि स्कूल के शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को लगातार पीएटी, एनईईटी, पीईटी, जेईई, नवोदय जैसे विभिन्न कम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी करा रहे हैं, फलस्वरूप सात बच्चों का चयन पीएटी में हुआ है।

### अवैध शराब की बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी।** पुलिया के पास अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहे आरोपी को अर्जुनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अर्जुनी पुलिस को मुखबिर से ग्राम बलियारा के सत्तार पुल के पास एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने की सूचना मिली। पुलिस ने तत्काल ग्राम बलियारा पहुंच पुलिया के पास दबिश दी। जहां एक व्यक्ति को शराब बेचते पकड़ा गया। उससे पूछताछ की गई। उक्त व्यक्ति ने अपना नाम कल्याणसिंह केंवट पिता कंवरसिंह उम्र 66 वर्ष ग्राम बलियारा थाना अर्जुनी निवासी बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 21 पौवा देशी प्लेन बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी कल्याणसिंह के खिलाफ आबकारी एक्ट 34/ए के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है।



कांटाकुर्रीडीह तथा कुकरेलवासियों को निस्तारी में आएगी गंभीर समस्या

# राइस मिल के गंदे पानी से प्रदूषित हो जाएगा गांव का प्राकृतिक नाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कुकरेल तहसील के ग्राम कांटाकुर्रीडीह में ग्रामीणों की असहमति के बाद भी राइस मिल निर्माण की शिकायत कलेक्टर से की गई है। सरपंच सहित ग्रामीणों ने मिल निर्माण कार्य रोकने के लिए आदेश जारी करने की मांग की है।

सोमवार को शिकायत लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे कांटाकुर्रीडीह के ग्रामीण अध्यक्ष अश्वनी ठामुर, लेखनलाल साहू, घनश्याम ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन में कहा है कि धमतरी निवासी दो व्यवसायियों की जमीन कांटाकुर्रीडीह में है। उक्त जमीन में अरवा तथा उसना राइस मिल बनाने कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों को जानकारी मिलने पर व्यवसायियों से बात की गई। पता चला कि राइस मिल निर्माण के लिए पंचायत कांटाकुर्रीडीह से 7 अगस्त 2023 को अनुमति ली गई है तब 3 जुलाई 2025 को ग्राम पंचायत में ग्रामसभा रखकर सरपंच-सचिव से पूछताछ की गई कि ग्रामीणों के बिना सहमति के अनापत्ति प्रमाण पत्र क्यों जारी किया। तब सरपंच-सचिव ने गलती स्वीकार करते हुए जारी किए गए अनापत्ति प्रमाण को ग्रामसभा में रद्द किया।

### मिल निर्माण पर रोक लगाने की मांग



### राखड़, धुएं से होगी परेशानी

ग्रामीण नीलमणि साहू, पुनारदराम, मनीष कुमार, शिवा मरकाम, विजय नेताम ने बताया कि राइस मिल का जहां निर्माण किया जा रहा है, वह रोड किनारे दोनों प्राकृतिक नाले के बीच स्थित है। उक्त नाले के पानी का उपयोग ग्राम कांटाकुर्रीडीह और कुकरेलवासियों द्वारा सदियों से निस्तारी के लिए किया जा रहा है। उसना राइस मिल बनने से राइस मिल का गंदा पानी नाला को प्रदूषित कर देगा। पानी के प्रदूषण से मानव जीवन संकट में आ जाएगा। रोड से लगे होने के कारण राखड़, धुएं से स्कूली बच्चों सहित ग्रामीणों का जीवन प्रभावित होगा। ग्रामीणों ने राइस मिल निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है।

# शराब से लेकर पीएससी घोटाला तक प्रदेश को खूब लूटा गया

- प्रेस कांफ्रेंस में महापौर रामू रोहरा ने कांग्रेस पर दागे कई सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शराब से लेकर गोठान तक कांग्रेस शासनकाल में जमकर घोटाले हुए हैं और प्रदेश के संसाधनों को जमकर लूटा गया। अब इन घोटालों का पर्दाफाश हो रहा है और आरोपी एक-एक कर नप रहे हैं तो उन्हें दर्द हो रहा है। जिस तरह अपराधियों के विरुद्ध हो रही कानून सम्मत कार्रवाई को कहीं और मोड़ा जा रहा है, वह दुर्भाग्यजनक है। यह कांग्रेस में हिप्पोक्रेसी का सबसे बड़ा नमूना है। यह बातें भाजपा के प्रदेश महामंत्री और धमतरी नगर निगम के महापौर रामू रोहरा ने कही।

सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए महापौर रामू रोहरा ने कहा कि शराब घोटाला, कोयला घोटाला, चावल घोटाला, गोठान घोटाला, पीएससी घोटाला से कांग्रेस शासनकाल में प्रदेश के संसाधनों को जमकर लूटा गया। आज इन घोटालों के आरोपी एक-एक कर नप रहे हैं। सभी जेल जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोल ब्लॉक आवंटन को लेकर कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल के झूठ का पर्दाफाश हो गया है। भाजपा ने तथ्यों एवं दस्तावेजों के माध्यम से कांग्रेस के झूठ को एक बार फिर बेनकाब किया है। अपने शासनकाल के पांच वर्ष में भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को दस जनपथ का चारागाह बना दिया था। जब कभी मीडिया कोल ब्लॉक आवंटन और पेड़ कटाई आदि पर सवाल उठाती थी तो दस जनपथ के दबाव में सीधे तौर पर भूपेश बघेल बचाव में आ जाते थे। कहते थे कि कोल ब्लॉक आवंटन का विरोध करने वाले अपने-अपने घरों की बिजली बंद कर दें। बेबुनियाद आरोप लगाकर भूपेश जी अपनी कालिख धोने की कोशिश कर रहे हैं, तो क्या वह अपने घर और राजीव भवन की बिजली बंद करेंगे। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, प्रदेश झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक महेंद्र पंडित, जिला महामंत्री अविनाश दुबे, जिला उपाध्यक्ष कविंद्र जैन, जिला मीडिया प्रभारी विनोद पांडेय, मंडल अध्यक्ष पवन गजपाल, मिश्री पटेल, विनय जैन, राजीव चंद्राकर, अनिल तिवारी, कोमल देवांगन, जनपद सदस्य अग्रवाल साहू, मण्डल मंत्री लोकेश टण्डन, इंद्रेश देवांगन उपस्थित रहे।



### नियम को दरकिनार कर किया गया आवंटन

श्री रोहरा ने आगे कहा कि भूपेश बघेल ने कोल ब्लॉक अशोक गहलोत को आवंटित किया था, इससे पहले भी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार में तमाम नियमों को धता बताते हुए छत्तीसगढ़ के कोल ब्लॉक आवंटन की राह आसान की थी। साल 2010 में केन्द्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब कोयला मंत्रालय और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा हसदेव अभ्यारण्य को पूरी तरह से नो-गो जोन घोषित किया गया था। 23 जून 2011 को केन्द्र में कांग्रेस की सरकार रहते ही तारा परसा ईस्ट और कांटे बेसन कोल ब्लॉक को खोलने का प्रस्ताव दिया गया। जब छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी, उस वक्त अडानी को दो बड़ी खदान गारे पेलमा सेक्टर-2 और राजस्थान में केते एक्सटेंशन ब्लॉक का ऑपरेटर बनाया गया। इसी तरह भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री कार्यकाल में ही 16 अक्टूबर 2019 को राज्य सरकार ने पर्यावरण स्वीकृति के लिए सिफारिश भेजी। श्री रोहरा ने कहा कि 31 मार्च 2021 को ओपन कास्ट गारे पेलमा सेक्टर-2, मांड-रायगढ़ कोलफील्ड के लिए हुआ समझौता भी सबके सामने है। इसी क्रम में 19 अप्रैल 2022 को भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री रहते ही कांग्रेस सरकार द्वारा वन स्वीकृति स्टेज-1 और 23 जनवरी 2023 को वन स्वीकृति स्टेज-2 के लिए सिफारिश भेजी गई थी।

# कल होगा घर-घर पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

श्रावण मास कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मासिक शिवरात्रि पर घर-घर पार्थिव शिवलिंग की पूजा होगी। शाम 7 से 8 बजे अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा लाइव पार्थिव शिवलिंग की पूजा करेंगे। टीवी, यूट्यूब सहित अन्य माध्यम से लाइव प्रसारण को देखकर श्रद्धालु पार्थिव शिवलिंग की पूजा कर सकते हैं। पंडितों के माध्यम से भी पूजा कराई जाएगी।

कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के आह्वान पर पिछले कई साल से हर सावन की शिवरात्रि पर श्रद्धालु पार्थिव शिवलिंग की पूजा करते आ रहे हैं। हर साल पूजा करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। हाल ही में कोरबा में आयोजित शिव महापुरण के दौरान पंडित श्री मिश्रा ने 23 जुलाई बुधवार को पार्थिव शिवलिंग की पूजा करने का आह्वान किया है। उनके आह्वान पर घर-घर इस पूजा की तैयारी की जा रही है। इस दौरान पार्थिव शिवलिंग बनाकर सामूहिक रूप से अभिषेक किया जाए। मान्यता है कि सामूहिक पूजा से आराध्य देवता शीघ्र प्रसन्न होते हैं। पंडित युवराज शर्मा ने बताया कि जिस दिन भोलेनाथ शिवलिंग के रूप में प्रगट हुए, उस दिन को महाशिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। हर साल एक महाशिवरात्रि और 11 मासिक महाशिवरात्रि पड़ती है। मासिक शिवरात्रि हर माह कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को पड़ती है। इस दिन शिवलिंग की पूजा से भोलेनाथ शीघ्र प्रसन्न होते हैं।

# कार की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

- नेशनल हाईवे में सेहराडबरी के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

न्यायालय से वापस लौट रहे बाइक सवारों को तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दी। घटना में बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार मगरलोड भैंसमुंडी निवासी रितेश यादव पिता रोहित उम्र 23 वर्ष गांव के विकास निर्मलकर पिता विक्रम उम्र 19 वर्ष के साथ सोमवार को बाइक क्रमांक सीजी 05 एआर 6877 से धमतरी न्यायालय आया था। उसके साथ दूसरी बाइक से गांव के दो लोग भी आए थे। शाम को चारों अलग-अलग बाइक में सवार होकर नेशनल हाईवे से होते हुए वापस अपने घर ग्राम भैंसमुंडी लौट रहे थे। इसी दौरान रितेश की बाइक आगे चल रही थी, वहीं दूसरी बाइक उनके पीछे थी। इसी दौरान ग्राम सेहराडबरी के पास महिंद्रा शोरूम के सामने विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात कार ने बाइक को साइड से जोरदार टक्कर मार दी। कार की टक्कर से बाइक सवार रितेश यादव की मौके पर ही मौत हो गई। ▶▶ शेष पेज 11 पर





# पीएम आवास के लिए कलेक्टोरेट में अग्निस्नान का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- डोमा का करण जरकीन में मिट्टी तेल और पेट्रोल मिक्स ज्वलंतशील पदार्थ लेकर पहुंचा और शरीर पर डाला
- माचिस सुलगाने से पहले सिपाहियों ने पकड़ा

कलेक्टोरेट परिसर में सोमवार को एक ग्रामीण ने अपने शरीर पर मिट्टी व पेट्रोल मिश्रित ज्वलनशील पदार्थ डालकर अग्निस्नान करता, उससे पहले ही सिपाहियों ने उसे पकड़ लिया।

कलेक्टोरेट में आज सुबह लगभग 11:30 बजे बारिश के बीच रेनकोट पहने एक युवक कलेक्टर भवन परिसर में प्रवेश किया। भवन के पोर्च में पहुंचने के बाद वहां लगे पिल्लर की आड़ में मिट्टी तेल से भरी जरकीन निकाली और अपने ऊपर उड़लने लगता है। जरकीन को नीचे फेंकने के बाद वह जैसे ही माचिस मारने का प्रयास करता है, उससे पहले वहां ड्यूटी में तैनात सिपाहियों ने युवक का हाथ पकड़ लिया।

अग्निस्नान के इरादे से कलेक्टर जनदर्शन पहुंचे ग्राम डोमा निवासी करण सोनवानी के पिता शत्रुघन सोनवानी ने 16 जून 2025 को कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन दिया था कि वह भूमिहीन है। रोजी मजदूरी कर अपने बेटों का पालन पोषण किया। स्वयं के नाम पर भूमि नहीं होने के कारण पीएम आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इससे वह तथा उसका परिवार दुखी है। शत्रुघन ने जिला प्रशासन से सैनिक बनकर देश की सेवा कर रहे एक ▶▶ शेष पेज 11 पर



### सर्वे किया जा रहा: एसडीएम

एसडीएम रीता यादव ने बताया कि डोमा का व्यक्ति कलेक्टोरेट आया था। पीएम आवास के लिए आवेदन जमा है। सर्वे किया जा रहा है। सर्वेक्षण के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एक बेटा सेना में

शत्रुघन सोनवानी का एक बेटा सेना में जवान है। उनकी तैनाती पंजाब में हैं। शत्रुघन ने बताया कि उसका बेटा चंदन सोनवानी बालगृह सम्प्रेक्षण में रहकर अपनी पढ़ाई पूरी की और सेना में पदस्थ हुआ है।

# तेज रफ्तार बाइक मवेशी से टकराई, चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर की तरफ आ रहा तेज रफ्तार बाइक चालक नहर नाका के पास मवेशी से टकराकर गिर गया। घटना में बाइक चालक घायल हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम चंदनबिरही थाना पुरूर निवासी यशवंत सोरी पिता लालूराम उम्र 36 वर्ष काम के सिलसिले में बाइक से कुकरेल की तरफ गया था। जहां से रविवार की देर शाम बाइक से वापस धमतरी की तरफ आ रहा था। युवक नहर नाका चौक से गुजर रहा था। इसी दौरान सड़क पर अचानक मवेशी आ गया। तेज रफ्तार बाइक सीधे मवेशी से टकरा गई। घटना में चालक बाइक सहित सड़क पर गिरकर घायल हो गया। घटना को देख दीपक राव ने तत्काल रक्तदान संस्था को फोन कर सूचना दी। शिवा प्रधान तत्काल रक्तदान एम्बुलेस के साथ घटनास्थल पहुंचे और घायल को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया।



### पिता-पुत्री ने की घायल की मदद

रक्तदान संस्था की मदद से मानव सेवा के कार्य में आगे रहने वाले शिवा प्रधान घटना-दुर्घटना की सूचना मिलने पर एम्बुलेंस के साथ तत्काल मौके पर पहुंच घायलों को उपचार कराने अस्पताल पहुंचाते हैं। रविवार को नहर नाका में हुई सड़क दुर्घटना की सूचना पर एम्बुलेंस लेकर निकल रहे शिवा के साथ उसकी 13 वर्ष की बेटी श्रेयांशी प्रधान भी अपने पिता के साथ घायल की मदद करने आ गई। पिता-पुत्री ने मिलकर घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया।



### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक कल

**धमतरी।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 23 जुलाई को आयोजित की गई है। जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में कृषि विभाग, लोक निर्माण विभाग, बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन, खनिज विभाग, जिला पंचायत विकास निधि मद, स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

# स्वच्छता नहीं पाए जाने पर स्टार डेयरी को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- दल ने किया खाद्य परिसरों का निरीक्षण

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिले में रक्षाबंधन त्योहार को ध्यान में रखकर खाद्य परिसरों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान खोवा, कुंदा, बाहर राज्यों से आने वाली डोडा बर्फी, मिल्क एवं पनीर से संबंधित खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता जांच विशेष अभियान चलाकर की गई।

इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय सोनी, फनेश्वर पिथौरा एवं नमूना सहायक गिरिजाशंकर वर्मा ने जिले के अंतर्गत खाद्य परिसरों-स्टार डेयरी रामबाग धमतरी से पनीर व दही, अर्जुन होटल कुरूद से खोवा एवं वृन्दावन रिसॉर्ट मरादेव से पनीर का नमूना संकलित किया गया। स्टॉर डेयरी रामबाग फर्म में पर्याप्त स्वच्छता नहीं पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया है। पूर्व में निरीक्षण के दौरान अक्षय सोनी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा भखारा रोड पर वाहन को रोककर अपना एक्वा पानी पाउच का नमूना जांच हेतु लिया गया था। जांच में मिथ्याछाप व बिना खाद्य पंजीयन के परिवहन करते पाए जाने के प्रकरण में न्यायालय अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी धमतरी द्वारा एक लाख रूपये का अर्थदण्ड पारित किया गया है।

बंदी की रिहाई के बाद परिजन जेल के पास भूल गया था

# रुपयों से भरा बैग लौटाकर जेल के वाहन चालक ने दिखाई ईमानदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

रिहाई के बाद बंदी को ले जाने के लिए पहुंचा उसका परिजन रुपयों से भरे बैग को जेल के पास भूलकर चला गया, जिसे जेल के वाहन चालक ने उसके परिचित को वापस लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया है।

वर्तमान दौर में जहां लोग पैसों के पीछे पागल हो रहे हैं। इसके लिए रिश्तेनाते को भी ताक पर रख देते हैं। बस सही या गलत तरीकों से पैसे कमाने में लगे हुए हैं। ऐसे समाज में कुछ व्यक्ति ऐसे भी हैं जो दूसरो के गुम सामान के मिल जाने पर ईमानदारी के साथ उसे वापस लौटाकर मिसाल पेश करते हैं।

कुछ इसी तरह का एक मामला बीते दिनों जिला जेल के पास सामने आया है। बताया गया कि कुरूद ब्लाक के ग्राम सिरसिदा का एक व्यक्ति किसी मामले में जिला जेल में बंद था जिसकी बीते शनिवार को रिहाई होनी थी। रिहाई के बाद उसे घर ले जाने परिजन भोलू साहू पहुंचा था। रात्रि लगभग 8 बजे बंदी की जेल से रिहाई होने के बाद परिजन भोलू उसे अपने साथ लेकर गांव निकल गया। इस दौरान वह रूपयों व अन्य दस्तावेजों से भरा बैग जेल के पास छूट गया। वह बैग जेल में वाहन चालक के पद पर पदस्थ हेमंत सिंह ठाकुर को मिला। बैग छूट जाने का एहसास होने पर भोलू ने पूर्व से परिचित वाहन चालक हेमंत को फोन पर जानकारी देकर बैग में 5 हजार रुपए व कागजात होना बताया। हेमंत ने बैग को सीएएफ जवान के समक्ष खोलकर चेक किया तो उसमे 18,120 रुपए व कागजात मिले। हेमंत ने भोलू को बैग व रूपये की मिलने की बात बताई। भोलू ने बठेनापारा निवासी परिचित ललित कुमार को बैग लेने के लिए भेजा। ललित के पहुंचने पर वाहन चालक हेमंत ठाकुर ने रूपयों से भरा बैग उसे सुरक्षित वापस लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया है।



पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**फॉलोअप :** श्रद्धालुओं ने की हरिभूमि, पुलिस प्रशासन व मंदिर समिति की सराहना

# जोरातराई के शिव मंदिर में हुई नवनिर्मित शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

जोरातराई (सी) के शिव मंदिर में स्थापित पुराने शिवलिंग विखंडित हो जाने के बाद मंदिर समिति ने नवनिर्मित शिवलिंग का पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से हवन पूजन कराकर प्राण-प्रतिष्ठा की। श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए शीघ्र नये शिवलिंग की स्थापना हो जाने पर श्रद्धालुओं ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित करने पर हरिभूमि, पुलिस प्रशासन एवं मंदिर समिति से जुड़े लोगों की सराहना की है।

सावन मास के द्वितीय सोमवार को विखंडित शिवलिंग, जलाधारी व नंदी की पहले पूजा अर्चना व नियम विधि से



विसर्जन किया गया। तत्पश्चात नवनिर्मित शिवलिंग को नंदी के साथ उसी स्थान पर पुरोहित पंडित ओमप्रकाश तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार व हवन पूजन के साथ प्राण-प्रतिष्ठा की गई। सभी श्रद्धालुओं द्वारा जल, बेलपत्र, पंचामृत, फूल-दूब चढ़ाकर गांव की सुख समृद्धि की कामना की गई। महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान मंदिर समिति के बुधराम साहू, मनोरथ साहू, अशोक साहू, मोहन, रमेश साहू, बीरबल साहू, टेमन लाल, संतराम, भोज, ग्राम पटेल लोकनाथ साहू, कोटवार मेघराज मिथिलेश, ओंकार साहू, हीरालाल, दिलीप साहू, देवव्रत, पुराणिक, द्रोणाचार्य साहू समेत बड़ी संख्या में शिवभक्त उपस्थित थे।

### जलाधारी व नंदी को अज्ञात तत्वों ने कर दिया था खंडित

गौरतलब है कि बीते गुरुवार की रात्रि जोरातराई के शीतला तालाबपार स्थित शिव मंदिर के भीतर स्थापित शिवलिंग के जलाधारी व नंदी को किसी अज्ञात तत्वों द्वारा खंडित कर दिया गया था। इस खबर को शनिवार को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिस पर संज्ञान लेकर पुलिस प्रशासन ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मामले को बिगड़ने से पहले ही सम्हाल लिया। इस दौरान मंदिर समिति से पुलिस द्वारा उनके द्वारा सक्षम नहीं होने की दशा में प्रशासन से नए शिवलिंग की स्थापना की जाने तक की बात कही गई। मौके पर उपस्थित मंदिर समिति प्रमुख बुधराम साहू ने इस कार्य को करने में सक्षम होने व दो दिन के भीतर ही नई मूर्ति स्थापित कर देने की बात कही थी जिसे पूरा भी किया। हरिभूमि की खबर के बाद मंदिर समिति व पुलिस के बेहतर तालमेल से शीघ्र हुए इस नेक कार्य की शिव भक्तों द्वारा सराहना की जा रही है।

# महापौर ने सुनी शिव महापुराण कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

श्रावण मास पर मकेश्वर वार्ड स्थित सर्वेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता दर्ज की।

महापौर ने पूजा-अर्चना कर कथा का श्रवण किया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सावन शिव आराधना का विशेष महीना है। शिव महापुराण कथा न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह जीवन में सत्य, सदाचार और सेवाभाव जैसे मूल्यों की स्थापना करता है। इस प्रकार के आयोजन से समाज में शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का विस्तार होता है। कथा के दौरान संपूर्ण





परिसर बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा।

# "जनमन" से मिलेगी शासकीय योजनाओं की जानकारी

- सरपंच-सचिवों के प्रशिक्षण में किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका जनमन का वितरण जनपद पंचायत कुरुद के प्रथम अरोरा शिक्षण केन्द्र में आयोजित सरपंच-सचिवों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों ने पत्रिका का अवलोकन करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा तैयार की गई यह मासिक पत्रिका विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान करती है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जानकारी का प्रभावी संप्रेषण हो रहा है। जनमन पत्रिका में शासन की





प्राथमिकताओं, जनहितैषी योजनाओं और सफलता की कहानियों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया जाता है, जिससे यह सभी वर्गों के लिए उपयोगी साबित हो रही है।

# ब्राम्हण समाज की महिलाओं ने मनाया सावन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- पारंपरिक छटा और उल्लास का दिखा संगम

विंध्यवासिनी मंदिर के पास स्थित सामुदायिक भवन में ब्राम्हण समाज की महिला शाखा द्वारा सावन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं और बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सावन की हरियाली में भीगते हुए परंपरा, सौंदर्य और सांस्कृतिक झलकियों की अनूठी छटा बिखेरी। महिला शाखा जिलाध्यक्ष श्रीमती पूजा मिश्रा ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, सामाजिक एकता और संस्कृति संरक्षण को प्रोत्साहित करना है। सावन मास हमें प्रकृति से जुड़ने, परिवार और समाज में प्रेम, सहयोग व समरसता को बढ़ाने की प्रेरणा देता है।

महिलाओं ने हरे परिधानों में सजकर वातावरण को हरियाली के



रंग में रंग दिया। कार्यक्रम की विशिष्ट अथिति भारती मिश्रा, श्रीदेवी चौबे, हेमलता रजौरिया, सरोज शर्मा, प्रतिभा शर्मा, नीला शर्मा, नीतू शर्मा, प्रियंका शर्मा, माधवी शर्मा, आराधना शुक्ला थीं। पूजा थाली सजावट में विशाखा शर्मा प्रथम,कल्पना मिश्रा द्वितीय तथा प्राशु शर्मा तृतीय रही।

हरियाली रानी प्रतियोगिता में प्रथम विशाखा शर्मा, द्वितीय प्रियंका मिश्रा तिवारी, तृतीय मुक्ता भावलकर रही। रिश्तेदारों के साथ जुड़वां जोड़ी प्रतियोगिता में ननद भाभी शिप्रा शर्मा एवं नंदनी तिवारी ने बाजी मारी। गीता पांडे और शिप्रा शर्मा द्वारा आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। अपर्णा शर्मा और स्नेहा मिश्रा ने अपनी सुंदर प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। स्थल सजावट को आकर्षक रूप देने में शताक्षी दीवान, अपर्णा शर्मा, रानो दीवान, प्राची चतुर्वेदी एवं पूजा मिश्रा ने परिश्रम किया। प्रतियोगिता का संचालन सरिता शर्मा, वंदना तिवारी, शिप्रा शर्मा, आभा दीक्षित एवं स्वाति शर्मा ने किया। आभार व्यक्त नलिनी मिश्रा, सरिता दीवान ने किया।

मौके पर ममता मिश्रा, आशा श्रोती, हिना मिश्रा, सुभाषनी शर्मा, अर्चना पाण्डेय, प्रार्थना चतुर्वेदी, संजू मिश्रा, संगीता मिश्रा, ममता शर्मा, सीमा उपाध्याय, डॉली मिश्रा, क्षमा मिश्रा, संगीता मिश्रा, मीनाक्षी मिश्रा, सीमा उपाध्याय, मनीषा दीवान, उषा दीवान, शिखा मिश्रा, प्रकृति पांडे समेत बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं मौजूद थीं।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कांवरियों को किया विदा



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सावन के द्वितीय सोमवार पर कांवरयात्रा शिवभक्तों द्वारा निकाली गई। ग्राम कुर्रा के शीतला मंदिर एवं बजरंग मंदिर पहुंचकर कांवर में जल भरकर भगवान भोलेनाथ को अर्पण करने के बाद भोरमदेव कवर्धा के लिए निकले । इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अमन राव भी कांवरियों के जत्थे में शामिल हुए। शीतला मंदिर एवं बजरंग मंदिर का जलाभिषेक कर महाआरती में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सावन माह भगवान शिव को समर्पित है। सावन में भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करने से विशेष पुण्य लाभ की प्राप्ति होती है। उन्होंने क्षेत्रवासियों की खुशहाली व निरंतर तरक्की की कामना की। मौके पर गुलशन, रेमन पटेल, तुलेश्वर पटेल, मिथिलेश यादव, भागवत साहू, अमरसिंह साहू, होरी साहू, राजेश पटेल, सोमनी साहू, सरोज साहू, मोना साहू, मौलश्री साहू, संजय साहू, कौशल पटेल, अनिता साहू, जितेन्द्र साहू उपस्थित थे।

# दंतेश्वरी हाईस्कूल में छात्र संघ का गठन, ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मां दंतेश्वरी हाईस्कूल रत्नाबांधा में छात्र संघ का गठन किया गया। अध्यक्ष डिम्पल तारक, उपाध्यक्ष साक्षी साहू, कोषाध्यक्ष अनुराग नाग, केतन तिवारी, सचिव रोहिणी वर्मा, साक्षी देवांगन, अनुशासन प्रमुख विकास साहू, प्रतीक, पीयूष तारक, सादिया, सौरभ, प्रेरणा, प्रार्थना प्रमुख दीप्ति देवांगन, पीयूष यादव, धनिष्ठा मीनपाल, खेल प्रमुख देवेश साहू,



तेजेस्वनी नाग, पूर्वी साहू, टकेश्वर पटेल, सांस्कृतिक प्रमुख डिम्पल तारक, रोहिणी वर्मा, कार्यक्रम व्यवस्था प्रमुख रूद्र मीनपाल, शैलेन्द्र ध्रुव, ईशिका, सुप्रिया, युगल, भूमिका, पीटी प्रमुख रोहिणी वर्मा, डिम्पल तारक बनाए गए। शिक्षकों के मार्गदर्शन में सभी छात्र-छात्राओं ने शपथ ली कि वे विद्यालय की गरिमा के अनुरूप कार्यों को पूरी ईमानदारी से करेंगे। इस अवसर पर प्राचार्य लक्ष्मी रावटे, लीला साहू, मोहन साहू, वीणा साहू, वर्षा देवांगन, पूर्वी सोनकर, रूपा यादव, ज्योति रामटेके, प्रियंका यादव, दुर्गा देवांगन, छाया तिवारी, फाल्गुनी ढीमर, सोनाली रजक, काजल यादव, भूखिन ध्रुव उपस्थित थे।

## निधन

### देवकरण गजेन्द्र

**आमदी(धमतरी)।** ग्राम लोहरसी निवासी देवकरण गजेन्द्र का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम लोहरसी में किया गया। इस दौरान स्वजन एवं समाजजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



**कलेक्टर कार्यालय में जनदर्शन डेस्क की शुरुआत, सोमवार से शुक्रवार तक संचालित होगा**

# शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया अब और अधिक पारदर्शी, सहज होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और नागरिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव ने कलेक्टर कार्यालय में फीता काटकर जनदर्शन डेस्क का शुभारंभ किया। यह डेस्क अब सप्ताह के पांच कार्यदिवस-सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः 11 से शाम 5 बजे तक संचालित होगा। इसके माध्यम से नागरिक अपनी समस्याएं, शिकायतें और आवेदन पत्र सीधे डेस्क में कर सकेंगे।



अपर कलेक्टर श्रीमती यादव ने बताया कि अब जनदर्शन कार्यक्रम केवल हर सोमवार तक सीमित न होकर नियमित रूप से सुगम प्रक्रिया के तहत चलेगा। इससे आमजन की समस्याएं शीघ्रता से संज्ञान में लाई जा सकेंगी और समाधान की दिशा में समयबद्ध कार्रवाई संभव हो पाएगी। उन्होंने बताया कि डेस्क के प्रभावी संचालन के लिए एक नोडल अधिकारी के साथ प्रत्येक दिन के लिए दिनवार प्रभारी अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। जनदर्शन डेस्क में पहला आवेदन बिसौहा राम साहू से प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने खेत में फलदार पौधे लगाने उसकी सुरक्षा हेतु कांटेदार तार की फेंसिंग कराने आर्थिक मदद मांगी है।

शुभारंभ अवसर पर अपर कलेक्टर रामकुमार कृपाल, पवन प्रेमी, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती वेरनादत्त एक्का, श्रम पदाधिकारी एसके साहू, उपपंजीयक प्रदीप ठाकुर के अलावा अन्य अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। जनदर्शन डेस्क की शुरुआत से यह विश्वास जागा है कि अब शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, त्वरित और सहज होगी। जिला प्रशासन द्वारा की गई यह पहल जन सहभागिता और उत्तरदायी शासन की दिशा में एक सशक्त कदम है, जो शासन और जनता के बीच संवाद को और अधिक सुदृढ़ बनाएगा।

## अंचल की खबरें

### कर्णेश्वर महादेव में किया जल अर्पित



**नगरी।** बोलबम सेवा समिति भीतररास सिहावा के सदस्यों ने सिहावा महानदी उद्गम से जल लेकर महानदी गणेश घाट होते हुए कर्णेश्वर महादेव, कोटेश्वर महादेव में जल अर्पित किया। मौके पर इंद्रेश घाटे, सोमन मरकाम, संजु ध्रुव, भूपेश कश्यप, बीरेन्द्र शांडिल्य, निलेश बिसेन, गप्पू शांडिल्य, गुलशन शांडिल्य,अतुल पाण्डे, रोशन मानिकपुरी, राजेश नाग, रमेश बोरझरिया, पप्पू यादव सहित अनेक शिवभक्त मौजूद थे।

### करगा में हुआ एक कुंडीय गायत्री यज्ञ




**जीजामगांव।** ग्राम करगा में गर्भ संस्कार गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। गायत्री मिशन के अनुयायी ओमप्रकाश साहू, संतोष साहू एवं उनकी टीम द्वारा दो महिलाओं को संस्कार किया गया जिससे वह अपने आने वाली संतान को अच्छा संस्कार दे सके। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती सावित्री साहू, गोवर्धन साहू, दुलारी मरकाम, मोहनी साहू, निर्मला साहू, सुशीला साहू, इंद्राणी यादव, गोमती साहू, भुनेश्वरी साहू, मीना साहू, दशमत साहू, नारद साहू, इंद्रकुमार साहू, लालजी साहू, एचआर मरकाम, रामसत्तु साहू, नारद साहू, दुल्लीचंद साहू, भूपेन्द्र साहू, बीरसिंग कोसरिया उपस्थित थे।

### महिला समिति ने किया भोलेनाथ का रुद्राभिषेक



**नगरी।** श्रीराम नगर वार्ड क्रमांक 3 में श्रीराम रामेश्वर महिला समिति द्वारा भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया गया। मौके पर श्रीराम रामेश्वर महिला समिति अध्यक्ष श्रीमती हेमलता यादव, उपाध्यक्ष रेखा यादव, कोषाध्यक्ष प्रिया यादव, बसंती धुव्र, भारती साहू, वार्ड पार्षद श्रीमती मिक्की गुप्ता समेत वार्ड की महिलाएं शामिल थीं।

### हंचलपुर के युवा मित्रों ने किया पौधारोपण



**बगदेही(धमतरी)।** एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत ग्राम पंचायत भेंड्रा में हंचलपुर के युवा मित्रों द्वारा पौधरोपण का आयोजन किया गया। युवाओं द्वारा 30 पौधे रोपे गए। इस अवसर पर भेंड्रा सरपंच, पंचगण समेत हंचलपुर के युवा उपस्थित थे।

### डबरीपार में ग्रामीण साहू समाज ने रोपे पौधे



**जीजामगांव।** ग्रामीण साहू समाज ग्राम खुरसेंगा द्वारा साहू भवन ग्राम पंचायत डबरीपार में आम, अमरूद, काजू, नीम, रामफल पौधे का रोपण किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष भेषणलाल साहू, विद्या साहू, बुद्धेश्वर, डगेश्वर साहू, परउराम, राधेश्याम, नारायण साहू, हेमकरण, बुधुराम साहू का सहयोग रहा।

### बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया बल



**जीजामगांव।** शासकीय बालक माध्यमिक शाला मड़ेली में पालक मेगा बैठक सरपंच श्रीमती बीनाबाई साहू की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने बच्चों की शिक्षा एवं विकास की बात कही। शाला विकास समिति के अध्यक्ष मकसूदन साहू ने शाला में अनुशासन एवं बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बल दिया। प्रधानपाठक सुरेश बंधेल ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में लक्ष्मीनारायण साहू, शैलेंद्र साहू, तुलसी निषाद, तामेश्वर यादव, रामेश्वर देवांगन, उत्तरा साहू, तुलेश्वरी, कुंतीबाई, सरस्वती साहू, जीवनलाल भारद्वाज, होमलता साहू, कुलेश्वर प्रसाद देवांगन समेत प्राथमिक शाला के शिक्षक उपस्थित थे।

### सेवानिवृत व्याख्याता ने लगाए पीपल के पौधे



**धमतरी।** सेवानिवृत व्याख्याता घनश्याम सिंह साहू ने लिमतरा सोसाइटी के किनारे पीपल के पौधे रोपे। उन्होंने कहा कि जहां पेड़ पौधों की छांव हो, वहां जीवन मुस्कुराता है और जब हरियाली को मां के प्रेम से जोड़ा जाए तो संवेदना भी जागती है। मौके पर आनंद चंद्राकर प्राधिकृत अधिकारी, प्रेमकुमार साहू प्रबंधक, चित्रसेन नेताम सहायक लिपिक, मोहित राम साहू विक्रेता, विनय ध्रुवंशी समेत अन्य मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

## धारदार तलवार लहराते एक युवक गिरफ्तार



**कुरूद।** हाथ में धारदार तलवार लेकर राहगीरों को डराने-धमकाने की हरकत कर रहे एक युवक को मुखबिर से प्राप्त सूचना पर कुरूद पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया है। वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 19 जुलाई को शांति नगर कुरूद स्थित नया तालाब के पास आरोपी अमन यादव उम्र 24 वर्ष पिता अशोक यादव निवासी वार्ड क्रमांक 9 शांति नगर कुरूद खुलेआम तलवार लहराकर धमका रहा था। इससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस को देखकर आरोपी भागने की कोशिश करने लगा, जिसे तत्परता से पकड़ लिया गया। पुलिस ने एक लोहे की धारदार तलवार, एक लाल मखमल कपड़े से ढंका म्यान जप्त किया। आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्मस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी अमन यादव के विरुद्ध पूर्व में भी थाना कुरूद में चार आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं जिनमें हत्या, मारपीट, धमकी एवं चोरी जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं।

## पॉलिटेक्निक में प्रवेश की अंतिम तिथि आज

**कांकेर।** शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर में प्रवेश की अंतिम तिथि 22 जुलाई निर्धारित की गई है। पॉलिटेक्निक के प्राचार्य ने सभी संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित करते हुए बताया कि वे अभ्यर्थी जिन्होंने 10 से 13 जुलाई के मध्य ऑनलाइन पंजीकरण कराया है तथा 19 जुलाई को संस्था में उपस्थित नहीं हो सका है अथवा उपस्थित होने के पश्चात भी ब्रांच आबंटन नहीं हो पाया है। वे सभी अभ्यर्थी प्रवेश की अंतिम प्रक्रिया के लिए 22 जुलाई को प्रातः 10.30 अनिवार्य रूप से उपस्थित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह प्रवेश का अंतिम अवसर है।

**पेज 9 के शेष**

### कार की ठोकर से...

वहीं सवार विकास निर्मलकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। सूचना पर रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान, अमन साहू व डोमन साहू के साथ एंबुलेंस लेकर घटनास्थल पहुंचे। जहां से दोनों को जिला अस्पताल लाया गया। अस्पताल में डाक्टर ने चेकअप के बाद रितेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल को अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जारहा है। शाम हो जाने के कारण शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है। पुलिस मंगलवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराएगी।

### पीएम आवास के...

बेटा का वास्ता देकर आबादी भूमि का पट्टा दिलाते हुए पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है। करण सोनवानी ने बताया कि गांव में कुछ लोग उसे आबादी जमीन नहीं देना चाहते, नाम काट देते हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी में उसके घर में दो बार आग लग गई। बारिश में रतजगा करना पड़ता है। जीना दूभर हो गया है। करण सोनवानी को बाथरूम ले जाकर नहलाया गया। रूद्री पुलिस उसे चेकअप के लिए जिला अस्पताल ले गई।

सरपंच केवल जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि ग्राम की विकास योजनाओं के संवाहक होते हैं : सीईओ

# पंचायतों के कंधों पर गांव के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी : अरूण सार्वा

- नवनिर्वाचित सरपंचों का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रथम अरोरा शिक्षण केन्द्र कुरुद में हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जनपद पंचायत कुरुद द्वारा आयोजित नवनिर्वाचित सरपंचों का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रथम अरोरा शिक्षण केन्द्र कुरुद में हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा, उपाध्यक्ष गौकरण साहू, सभापति अजय ध्रुव, कुरूद जपं अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू एवं जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव उपस्थित थे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में नवनिर्वाचित सरपंचों को संबोधित करते हुए जिपं अध्यक्ष अरूण सार्वा ने कहा कि आज ग्राम पंचायतों के कंधों पर गांव के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी है। आप सभी सरपंच गांव के प्रतिनिधि हैं। आपकी नीतियां, कार्य शैली और दृष्टिकोण ही गांव के भविष्य को निर्धारित करेगी। जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने कहा कि ग्राम सभा को सशक्त बनाना ही पंचायत की आत्मा को जीवंत करना है। प्रशिक्षण से न केवल प्रशासनिक समझ बढ़ती है बल्कि नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने कहा कि ग्राम पंचायतों का कुशल नेतृत्व ही ग्रामीण विकास की नींव है। सरपंच केवल एक जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि ग्राम के विकास योजनाओं के संवाहक होते हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उनके प्रशासनिक कौशल को मजबूत करेगा। उन्होंने सरपंचों से न्याय, पारदर्शिता और सहभागिता के सिद्धांतों पर चलकर अपने कार्यों का निष्पादन करने की अपील की।

सरपंचों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भंडार क्रय नियम के तहत निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्रियों की खरीदी के लिए आवश्यक भंडार क्रय नियमों की जानकारी लेखा अधिकारी जिपं चंदन टंडन ने दी। उन्होंने यह भी बताया कि पारदर्शिता, अनुमोदन की प्रक्रिया एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करना ग्राम पंचायत के दायित्व में शामिल है। उपसंचालक नकुल वर्मा ने बताया कि पंचायतीराज अधिनियम केवल कानून नहीं ग्राम स्वराज की आधारशिला है। छग पंचायत राज अधिनियम 1993 की मूल धाराओं और उनके प्रभाव को गहराई से समझें यह अधिनियम ग्रामसभा को सर्वोच्च मान्यता देता है। सरपंच न केवल ग्राम पंचायत के मुखिया हैं बल्कि ग्रामसभा के भावना के संवाहक भी हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत 100 दिवस के रोजगार, मजदूरी भुगतान, कार्य की प्रविष्टि, मास्टर रोल, तकनीकी स्वीकृति एवं निगरानी की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया गया। सरपंचों को बताया गया कि पारदर्शी क्रियान्वयन ही ग्राम विकास की कुंजी है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत विशेषकर महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रमुख माध्यम है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जपं कुरुद के सीईओ, तकनीकी सहायक, पंचायत सचिव एवं योजना प्रभारी अधिकारियों ने विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया। प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से सरपंचों की शंकाओं का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम में चंदन टंडन जिला लेखा अधिकारी, नकुलप्रसाद वर्मा, धरम सिंह सहायक परियोजना अधिकारी, मोनेश साहू, रविन्द्र वर्मा, अनुराग मिश्रा, रतन लंझियाना, विनोद देवान ने प्रशिक्षण दिया। आभार प्रदर्शन अमित सेन जपं सीईओ कुरूद ने किया।

## कांकेर सांसद ने किया भगवान शिव का जलाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग ने भीमा कोटेश्वर शिवधाम, कोटाभर्री डोंगरडुला में भगवान शिव का जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि और शांति की मंगल कामना की। उनके साथ गुरु बाबा और सत्यनारायण बाबा समेत समिति के अध्यक्ष मुकेश बघेल, सचिव संतोष चौहान, कोषाध्यक्ष तुकेश्वर साहू, सीईओ जनपद पंचायत नगरी रोहित कुमार बोर्झा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष नागेन्द्र शुक्ला, मनराखन साहू, हरीश यादव उपस्थित थे। इस आयोजन ने धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का अद्भुत संदेश दिया। भीमा कोटेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की आस्था लगातार बढ़ रही है। यह स्थल क्षेत्र के धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है।

## कांवर यात्रा में दिखा दोगुना उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सावन के दूसरे सोमवार को कांवरियों में दोगुना उत्साह दिखा। कांवर यात्रा निकालकर भोलेनाथ का अभिषेक किया। नागेश्वर महादेव मंदिर में कांवरियों के लिए विशेष व्यवस्था रखी गई थी। शिव मंदिरों में सुबह पूजा पाठ का सिलसिला शुरू हो गया था।

सोमवार को श्रद्धालु भोलेनाथ की भक्ति में लीन नजर आए। बोल बम कांवरिया कल्याण संघ के तत्वावधान में कांवर यात्रा निकली। कांवर यात्रा में शामिल होने के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु रूद्रेश्वर घाट पहुंच गए थे। पूजा पाठ के बाद कांवर यात्रा शुरू हुई। गोकुलपुर, विंध्यवासिनी मंदिर, सदर बाजार, नागेश्वर महादेव मंदिर, बटुकेश्वर महादेव मंदिर होते हुए कांवर यात्रा बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां पर जलाभिषेक के बाद कांवर यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान नागेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने कांवरियों के लिए विशेष व्यवस्था कर रखी थी। कांवरियों को 200 क्विंटल दूध और केला प्रसाद के रूप में दिया गया। इस दौरान दीपक लखोटिया, अर्जुन लखवानी, मेघराज ठाकुर, भूरा ग्वाल, भजन काररा, यशवंत कौशिक, रामू ग्वाल, रौनक ठाकुर, पार्वती वाधवानी, उषा कौशिक, शोभा ग्वाल, श्वेता ठाकुर, क्षमा गुप्ता, कला बाई, अनुराधा ग्वाल आदि उपस्थित थे।

## बोलबम के नारों से शिवमय हुआ नगर




**कुरूद।** कुरुद के चंद्राकर भवन शिक्षक कॉलोनी स्थित रामेश्वरम महादेव मंदिर परिवार के तत्त्वाधान में रविवार को शिवभक्तों की कांवर यात्रा ग्राम मेघा महानदी से पावन जल लेकर कुरूद में मंदिर तक निकाली गई। इस दौरान डीजे की मधुर ध्वनि से सजी इस यात्रा में शिवभक्त बोल बम के नारे के साथ आस्था में डूबे नज़र आए। इसमें मातृशक्तियों, बेटियों बहनों सहित स्थानीय आमजन भी शामिल हुए। सभी ने भोले बाबा, हर हर महादेव के जयघोष के साथ इस यात्रा को शिवमय बना दिया। विगत वर्ष की भांति इस यात्रा में बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए। इस दौरान नपं अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, रामेश्वरम महादेव मंदिर के पुजारी केपी तिवारी, नेहा चंद्राकर, नमिता चंद्राकर, ममता चंद्राकर, भारती, पूजा, सीता, संतोषी, अनीता चंद्राकर, संगीता श्रीवास्तव, रंजन नायडू, दीप्ति साहू, अनीता महावर, अनसुइया साहू, लता साहू, श्वेता, लाली चंद्राकर, ममता ध्रुव, डाली साहू, चंचल अग्रवाल, रमाकांत चंद्राकर, टिकेश्वर चंद्राकर, अभिषेक तिवारी, श्रीवास्तव सर, शत्रुहन साहू, विक्रम ध्रुव सहित शिव भक्त शामिल हुए।

## योग मन और मस्तिष्क को भी संतुलित रखता है



- मूकबधिर विद्यालय में जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



मूकबधिर विद्यालय के प्रांगण में जिलास्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता हुई। अतिथि महापौर रामू रोहरा ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। श्री रोहरा ने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन और मस्तिष्क को भी संतुलित रखता है। यह एक ऐसी प्राचीन भारतीय विधा है, जो हमें जीवन जीने की सही दिशा देती है। आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलो इंडिया जैसी योजनाओं के माध्यम से देश के कोने-कोने से उभरती प्रतिभाओं को मंच मिल रहा है। अब छोटे शहरों के खिलाड़ी भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। महापौर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नाग मंदिर के विकास और सौंदर्यीकरण की मांग



- मार्बल विंडो, टाइल्स और सौंदर्यीकरण के लिए 20 लाख की स्वीकृति दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नागपंचमी महोत्सव आयोजन समिति हटकेशर ने नाग मंदिर का सौंदर्यीकरण कराने की मांग कलेक्टर से की है। समिति के शांतिलाल देवांगन, गिरधर देवांगन, अशोक पटेल, श्याम देवांगन, जगतराम साहू ने सोमवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि नगर के हटकेशर वार्ड में 11वीं सदी का नाग मंदिर है। यह प्रदेश का एकलौता नागमंदिर है।

नगरवासी तथा जनसहयोग से मंदिर का निर्माण पूर्णतः की ओर अग्रसर है। मंदिर में मार्बल विंडो, टाइल्स के साथ सौंदर्यीकरण की आवश्यकता है। समिति ने प्रदेश की धरोहर के रूप में स्थित नाग मंदिर के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए 20 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है।

### पालकी यात्रा का महापौर करेंगे शुभारंभ

नागपंचमी महोत्सव आयोजन समिति के कार्यक्रम प्रभारी दिलीप देवांगन ने बताया कि 28 जुलाई को दोपहर 3 बजे नागदेव की पालकी यात्रा निकलेगी। पालकी यात्रा शीतलापारा, सुभाष नगर, हटकेशर का भ्रमण करेगी। यात्रा की अगुवाई आदिवासी नृत्य रेला-पाटा से होगी। पालकी यात्रा का शुभारंभ महापौर रामू रोहरा करेंगे।

## कर्णेश्वर धाम में उमड़े श्रद्धालु, हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंजा वातावरण



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

श्रावण मास के दूसरे सोमवार को कर्णेश्वर धाम में भक्तों की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। ग्यारहवीं शताब्दी में राजा कर्णराज द्वारा महानदी के तट पर निर्मित ऐतिहासिक कर्णेश्वर मन्दिर में तड़के से ही दूर-दूर से आये कांवरियों की लंबी कतार मन्दिर परिसर में देखने को मिली। शिव भक्तों ने कतारबद्ध होकर भोलेनाथ का जलाभिषेक कर बेलपत्र, धतूरा, शमी आदि पूजन सामग्री अर्पित की। हर हर महादेव और ओम नमः शिवाय के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। प्रसादी का वितरण श्रद्धालुओं को किया गया। दूसरे सोमवार को खीर पूड़ी का वितरण वाणिका साहू, महेश्वरी साहू, सेवकराम साहू द्वारा किया गया। मन्दिर की व्यवस्था में ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता, सचिव भरत निर्मलकर, सह सचिव रामभरोस साहू, मोहन पुजारी, कलम सिंह पवार, रवि भट्ट, हनी कश्यप, छबि ठाकुर, योगेश साहू, महेंद्र कौशल, गगन नाहटा, डोमार मिश्रा, विनोद पुरी गोस्वामी, संतु साहू जुटे हुए हैं।

### अमलीडीह स्कूल के छात्र सीख रहे तीरंदाजी

**मगरलोड।** शाउमावि अमलीडीह विकासखंड मगरलोड में तीरंदाजी का अभ्यास शिक्षक गैंदराम धीवर के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। प्राचार्य दिलीप कोठारी, चंद्रिका प्रसाद साहू, दिनेश साहू, टिकेश्वर पांडे, लकेश्वर यादव, नरेंद्र, चुरेंद्र, शाला विकास समिति अध्यक्ष हीराराम कंवर ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### महापौर की कार्यप्रणाली निराशाजनक : उपनेता प्रतिपक्ष

**धमतरी।** नगर निगम की कार्यशैली पर उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि निगम चुनाव को महज पांच माह ही बीते हैं, लेकिन पूरे नगर क्षेत्र में विकास का एक भी ठोस कार्य धरातल पर नहीं दिख रहा है। जनता हर रोज बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान हो रही है, लेकिन प्रशासन और सत्तापक्ष सिर्फ सोशल मीडिया पर विकास के झूठे पोस्ट करने में व्यस्त हैं। वार्ड पार्षद लगातार अपने-अपने वार्ड में विकास कार्यों के लिए निवेदन कर रहे हैं। लेकिन हकीकत यह है कि आज स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि नगर निगम स्ट्रीट लाइट, सड़क मरम्मत, जगह-जगह बने गड्ढे, सफाई व्यवस्था और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नागरिकों को देने में पूरी तरह असफल है। उपनेता प्रतिपक्ष ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही जनहित के कार्य नहीं शुरू किए गए और वार्डों में बुनियादी सुविधाएं नहीं पहुंचाई गईं, तो जनता का आक्रोश सड़कों पर फूट पड़ेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन व सत्तापक्ष पर होगी।



## नगर के क्रिकेट प्रेमियों को जल्द मिलेगी बॉक्स क्रिकेट की सौगात : कलेक्टर

- खिलाड़ियों के उत्साह को मिलेगा नया मंच, युवाओं में खेल के प्रति बढ़ेगी रुचि

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



नगर के क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। जिला प्रशासन द्वारा शहर में आधुनिक बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड निर्माण की योजना को जल्द अमलीजामा पहनाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने नगर पंचायत सीएमओ को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए प्राक्कलन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि बॉक्स क्रिकेट जैसे सुविधाजनक और आकर्षक खेल विकल्प शहर के युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करेंगे। यह मैदान विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में सीमित स्थान की समस्या को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जा रहा है, ताकि युवा सीमित स्थान में भी क्रिकेट का आनंद ले सकें। उन्होंने बताया कि इस बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड में एलईडी लाइटिंग, सिंथेटिक टर्फ, डिजिटल स्कोर बोर्ड और बैटिंग-पिच नेट जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही महिला खिलाड़ियों और छोटे बच्चों को भी खेल की ओर आकर्षित करने विशेष आयोजन व प्रतियोगिताएं समय-समय पर आयोजित की जाएंगी। नगरवासियों और क्रिकेट प्रेमियों में इस खबर को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। युवा खिलाड़ियों ने इसे खेल संस्कृति को बढ़ावा देने वाला कदम बताया है। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, पाषर्दगणों ने कलेक्टर को विकासशील विचार के लिए धन्यवाद दिया है

### उपार्जन केन्द्र माकरदोना में लगाए पौधे

**कुकरेल(धमतरी)।** कुकरेल ग्रामीण सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष हेमलाल ध्रुव, समिति प्रबंधक थानेश्वर देवांगन एवं कर्मचारियों ने समिति के उपार्जन केन्द्र माकरदोना एवं समिति कार्यालय में एक पेड़ मां के नाम से पौधरोपण किया।

## ब्राम्हण समाज नया सदस्य जोड़ने चलाएगा सदस्यता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए

जिला ब्राम्हण समाज की प्रथम बैठक सामुदायिक भवन विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. चंद्रशेखर चौबे ने की। महासचिव विनोद पांडे ने चर्चा के महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में जानकारी दी।

डॉ. चंद्रशेखर चौबे ने समिति की वार्षिक बैठक, मासिक बैठक, ऑडिट एवं निर्वाचित प्रतिनिधियों के कार्यकाल के संबंध में जानकारी प्रदान की। अध्यक्ष राकेश दीवान ने विभिन्न प्रस्ताव प्रस्तुत किए जिसे सभी सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया गया। प्रस्ताव में प्रमुख बिंदुओं में समाज के आय- व्यय का प्रतिवर्ष ऑडिट कराने, समिति के पंजीयन का नवीनीकरण कराने, संगठन का विस्तार एवं नए सदस्यों को जोड़ने सदस्यता अभियान चलाने, भवन निर्माण, तहसील इकाई द्वारा जिला इकाई में परशुराम जयंती के आय व्यय के विवरण की जानकारी प्रस्तुत करने, साख समिति के गठन, समाज के 75 वर्ष से वरिष्ठ जनों के सम्मान करने एवं समाज के बच्चों के लिए धार्मिक और संस्कारयुक्त क्विज प्रतियोगिता, जिले में पुरोहित समिति के गठन हेतु पुरोहितों की सूची तैयार करने, 101 बटुकों का उपनयन संस्कार कराने, हेल्थ कैंप का आयोजन, तीज त्यौहार कब मनाया जाए, पौधरोपण करने संबंधी महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए।

बैठक में मदनलाल पांडेय, लोकेश पांडेय, डॉ. प्रदीप शर्मा, दीप शर्मा, अतुल तिवारी, रोहिताश मिश्रा, शैलेन्द्र दीवान, सुनील शर्मा, देवेंद्र मिश्रा, पूजा मिश्रा, आशा श्रोती, ममता मिश्रा, नलिनी मिश्रा, सरिता शर्मा, होमन प्रसाद शास्त्री, अयोध्या प्रसाद पांडेय, हैग्रीव शर्मा, अनिल पांडेय, जनक प्रसाद तिवारी, जगजीवन मिश्रा, रामावतार शर्मा, भुवेंद्र मिश्रा, अनूप मिश्रा उपस्थित थे।

## इनरव्हील क्लब ने डीपीएस में 100 पौधे रोपे




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इनरव्हील क्लब ऑफ धमतरी (डिस्ट्रिक्ट 326) द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु तीन महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स का आयोजन किया गया। ई-वेस्ट एवं बीज प्रबंधन प्रोजेक्ट अंतर्गत क्लब सदस्यों ने फलों के बीज एकत्र कर उन्हें वन विभाग को पौधरोपण के लिए सौंपा। कुछ बीजों से स्वयं पौधे भी तैयार किए गए। डीएफओ ने इस नवाचार की सराहना की। ट्री प्लांटेशन प्रोजेक्ट अंतर्गत दिल्ली पब्लिक स्कूल में कुल 100 पौधों का रोपण किया गया। इनमें से 50 फलदार पौधे क्लब सदस्यों द्वारा तैयार किए गए एवं शेष 50 फल एवं फूलों के पौधे प्रोजेक्ट डायरेक्टर्स डॉ. पूरवी अग्रवाल एवं दीक्षा अग्रवाल द्वारा उपलब्ध कराए गए।ब्रांडेड छाता वितरण प्रोजेक्ट अंतर्गत पास के गांवों से आए दो माली भाइयों को क्लब की ओर से ब्रांडेड छाता भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएफओ श्रीकृष्णा जाधव थे। उन्होंने पर्यावरण संतुलन और हरित क्रांति की आवश्यकता पर जोर दिया। विशेष अतिथि आरटीपीपी आरके साहू, श्रीमती हमीदा रोकड़िया तथा विद्यालय के प्राचार्य नितिन कुमार शर्मा थे। इस आयोजन में क्लब की अध्यक्ष सुधा अग्रवाल, सचिव नेहा लाठ, आईएसओ ज्योति गोयल एवं कोषाध्यक्ष तारा झंवर का योगदान रहा। यह जानकारी क्लब की मीडिया प्रभारी श्रुति अग्रवाल ने दी।

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Lekhnarayan son of Mukesh Kumar resident of H. No. 80G, Tikrapara, Goregaon, Dhamtari (Chhattisgarh) - 493778 have changed my name and shall hereafter be known as LEKH NARAYAN SAHU.

**Lekhnarayan**
H. No. 80G, Tikrapara, Goregaon, Dhamtari (Chhattisgarh) - 493778

## खबर संक्षेप

### नदी में डूबने से ग्रामीण की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत नैनी नदी में डूबने से बाजारपारा चारामा निवासी 38 वर्षीय सुरेंद्र यादव का मौत हो गया। चारामा निवासी सकुन बाई यादव ने पुलिस को बताया कि 19 जुलाई को मृतक नदी में मछली पकड़ने के लिए जाने की बात कहकर निकला था, परंतु दोपहर 3 बजें उसका शव गिरहोला के पुल के पास नैनी नदी में मिलने की खबर मिली। नदी में डूब जाने से उसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### चारगांव में सर्पदंश से अधेड़ की हुई मौत

**कांकेर।** सिकसोड़ थानांतर्गत चारगांव निवासी 45 वर्षीय पत्तीराम आंचले सर्पदंश से मौत हो गया। चारगांव निवासी 35 वर्षीय पत्तुराम आंचले ने पुलिस को बताया कि मृतक 20 जुलाई की रात को खाना खाकर सोया था। अगले दिन सुबह देखा तो मुंह से झाग निकल रहा था। पैर में किसी जहरीले जीव के काटने का निशान था।

### युवक ने फांसी लगा की खुदकुशी, कारण अज्ञात

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत भिरौद निवासी 21 वर्षीय सूर्या कुमार गोटा ने 20 जुलाई को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। युवक द्वारा आत्महत्या के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। भिरौद निवासी नरेंद्र कुमार गोटा ने पुलिस को बताया कि मृतक का मानसिक स्थिति ठीक नही था। घूमकर आने की बात कहकर घर से निकला था। वापस नही आने पर पता तालाश किया गया। तभी बबूल झाड़ में उसका शव फांसी पर लटका हुआ मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### शुभारंभ 29 को

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया की अध्यक्षता में 29 जुलाई को दोपहर 1.30 बजे ई-हियरिंग का शुभारंभ किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग कांकेर की अध्यक्ष सुजाता जसवाल ने दी।

### दुकानदार से की मारपीट, तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** लिलेझर में आटो पार्टस का दुकान चलाने वाले युवक के साथ गांव के तीन युवकों ने मारपीट किया। दुकान बंद कर उसे गांव से चले जाने की बात कहते हुए जान से मारने धमकी दिया और हाथ मुक्का से मारपीट किया। पीड़ित युवक की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवेचना में लिया। चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे बालोद जिला के पाररास निवासी 24 वर्षीय आशीष श्रीवास्तव पिता स्व. सतीश श्रीवास्तव ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में लिलेझर बाजार चौक में रहकर आटो पार्टस का दुकान चलता हूं।

**आरोप :** विपक्ष ने कहा कि सभापति की जगह उनके पति चला रहे समिति

# स्वच्छता समिति की बैठक में सभापति का पति भी हुआ शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद





जनपद पंचायत कुरूद की स्वच्छता समिति की बैठक में सभापति शकुंतला देवांगन के साथ उनके पति की मौजूदगी पर विपक्ष ने आपत्ति दर्ज कर इसे लोकतंत्र और पंचायत व्यवस्था को शर्मसार करने वाला कृत्य बताया। जनपद सदस्य सुश्री लिली श्रीवास ने इसे गैर संवैधानिक करार देते हुए महिला जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का खुला उल्लंघन माना है।

सुश्री श्रीवास ने कहा कि यह घटना स्पष्ट रूप से प्रॉक्सी राज की ओर इशारा करती है, जहां महिला प्रतिनिधियों के नाम पर उनके परिजन शासन कर रहे हैं। यह स्थिति न केवल संविधान के खिलाफ है, बल्कि महिला सशक्तिकरण और लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार है। इससे पहले भी महिला सदस्य श्रीमती देवांगन के पति द्वारा संचार एवं संकर्म समिति की बैठक में शामिल होकर जनपद के अधिकारी-कर्मचारियों पर अपनी धौंस दिखाया गया है। उनका कहना है कि यदि एक महिला प्रतिनिधि स्वयं बैठक में उपस्थित हैं, तो उनके पति को अधिकार किसने दिया। अधिकारीगण इस पूरे घटनाक्रम में मौन क्यों हैं। क्या जनप्रतिनिधियों के नाम पर केवल परछाइयां बैठेंगी। क्या महिला सशक्तिकरण केवल कागज़ों तक सीमित रहेगा।

**बैठक की कार्रवाई में कोई हस्तक्षेप नहीं**

स्वच्छता समिति के सचिव द्वारा दी गई जानकारी अनुसार बैठक के दौरान पारिवारिक कारणों से सभापति को लेने जब उनके पति आये थे तब देवांगन कुछ मिनट ही बैठे थे, उसी समय शायद फोटोग्राफी भी हुई है, बाद में वे चले गये थे। उन्होंने किसी भी बैठक की कार्रवाई में हस्तक्षेप नहीं किया है। भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

- अमित सेन, *सीईओ कुरूद*

### ऐसे में कैसे होगा महिला सशक्तिकरण

जनपद सदस्य सुश्री श्रीवास ने मांग कि है कि इस पूरे मामले की स्वतंत्र जांच कर संबंधित अधिकारी व समिति पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण लिया जाए। जनप्रतिनिधि के नाम पर किसी भी प्रकार का अवैध प्रतिनिधित्व तत्काल रोका जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए दृढ़ प्रशासनिक दिशा-निर्देश जारी किया जाए। लोकतंत्र की रक्षा तभी संभव है जब नियम सबके लिए समान हो और चुने गए प्रतिनिधियों के स्थान पर कोई और कार्य न करे। हम महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं जब तक महिला स्वयं प्रतिनिधित्व नहीं करेगी या केवल आरक्षण के नाम पर ही महिला खाली जगह की पूर्ति करेगी तो महिला कभी स्वयं में सशक्त नहीं हो पाएगी। अगर इस तरह की घटना होते रही तो महिला आगे नहीं बढ़ पाएगी।

### बीते कांग्रेस शासनकाल में भी हो चुकी है ऐसी घटना

गौरतलब है कि महिला अध्यक्ष वाली जपं कुरुद में वर्तमान में भाजपा समर्थित पूर्ण बहुमत का प्रतिनिधित्व है। इससे पहले यहां कांग्रेस समर्थित सदस्यों ने जनपद का प्रतिनिधित्व किया था। तब भी यहां महिला अध्यक्ष थी और एक महिला सदस्य को एक समिति का सभापति बनाया गया था। उस समय उस महिला का पति भी इसी तरह उनके साथ बैठकों में शामिल होता था, जिसका विरोध होने के बाद वह जनपद की बैठकों में बैठना बंद किया था। अब सत्ता पलट हो जाने पर वही विरोध अब विपक्ष की तरफ से हो रहा है। खैर पक्ष-विपक्ष में विरोध तो होता रहता है पर इस बात का सभी को ज्ञान होना आवश्यक है कि जनपद पंचायत एक लोकतांत्रिक संस्था है, जहां निर्वाचित सदस्य जनता के प्रतिनिधि होते हैं, ऐसे में किसी का दखल पूर्णतः गलत है।

### विपक्ष बेतुके मुद्दों को छोड़ क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे

सभापति शकुंतला रूपचंद देवांगन ने कहा कि उनके पति का जनपद की कार्रवाई में किसी प्रकार से कोई हस्तक्षेप नहीं है। बैठक के बाद वे मुझे लेने आये थे तो सभी की ओर से एक फोटोग्राफी चाही गई थी। उसी फ्रोटो को हथियार बनाकर जनपद सदस्य सुश्री लिली श्रीवास द्वारा इसे बेतुका मुद्दा बनाया जा रहा है। अगर वे इन सबसे परे अपने क्षेत्र के विकास को मुद्दा बनायेगी और उस पर ज्यादा ध्यान देगी तो क्षेत्रवासियों का भला होगा।

# डॉग्स केयर फाउंडेशन ने तीस कुत्तों की करवाई नसबंदी



- ग्रुप के सदस्य शहर के कुत्तों को सुबह-शाम भोजन खिला कर इलाज भी करवाते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

डॉग्स केयर फाउंडेशन ग्रुप के सदस्यों ने रविवार को लावारिस 30 कुत्तों की सफल नसबंदी करवाई। नसबंदी वेटनरी डाक्टर एवं उनके स्टाफ के सहयोग से ग्रुप के प्रमुख समाजसेवी बजरंग अग्रवाल के निवास में की गई। सदस्यों ने बताया कि नसबंदी कार्यक्रम लगातार चलेगा। इसमें शासन- प्रशासन का सहयोग नहीं रहा। नसबंदी कार्यक्रम ग्रुप के सहयोग से किया गया। बता दें कि ग्रुप के सदस्य शहर के सभी वार्डों में घूमकर प्रतिदिन कुत्तों को भोजन भी कराते हैं। घायल अवस्था में मिलने वाले कुत्तों का इलाज भी करवाते हैं। कुत्तों के प्रति संवेदना को देखते हुए कई समाजसेवी युवक फाउंडेशन से जुड़े हैं। सदस्यों ने बताया कि कुत्तों की बढ़ती संख्या को देखते हुए फाउंडेशन नसबंदी कार्यक्रम चला रहा है। सदस्यों का कहना है कि कुत्ता भी परमात्मा का बनाया हुआ जीव है। मानवीय संवेदना होनी चाहिए। सड़कों पर घूमने वाले कुत्तों की देखभाल फाउंडेशन कई महीनों से करते आ रहा है।

इस अवसर पर डॉग्स केयर फाउंडेशन के बजरंग अग्रवाल, पुष्पेंद्र बाजपेयी, प्रिंस जैन, पीयूष पारख, काजल जैन, रीता छाबड़ा, बबीता ठाकुर, सीमा कौशिक, प्रकृति दुबे, निखिल वरदानी, अमोल पांडे का सहयोग रहा। नसबंदी दुर्ग के वेटनरी डाक्टर हेमंत बेलचंदन एवं उनके स्टाफ ने की।

# राष्ट्र का विकास तभी संभव है, जब किसान समृद्ध होगा




- भटगांव में किसानों को अरहर मिनीकिट का हुआ वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कार्यालय भटगांव में गांव के किसानों को अरहर मिनीकिट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच फागूराम साहू ने कहा कि राष्ट्र का विकास तभी संभव है, जब किसान समृद्ध होगा। इसी कड़ी में प्रमाणित एवं उच्च गुणवत्ता वाले बीजों का वितरण किसानों को किया गया। इससे किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकेंगे।

ग्रामीण विस्तार अधिकारी योगेंद्र सिन्हा ने बताया कि गत वर्ष भटगांव में मिट्टी परीक्षण किया गया था। किसानों को मिट्टी में उपस्थित नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों की जानकारी दी गई। संतुलित मात्रा में खाद डालकर किसान उत्पादन में वृद्धि कर सकते हैं। बीज किट वितरण के दौरान ग्राम पटेल त्रिलोक साहू, परदेशीराम साहू, तेजराम साहू, भागीराम साहू, गिरधारीराम, भेदकुमार सिन्हा, ईश्वर साहू, भीम, भूषण, खूबलाल, देवानंद, केशवंतीन, किशोर, दुष्यंत साहू उपस्थित थे।

# रूद्रेश्वर महादेव घाट की गंगा आरती में शामिल हुए प्रीतेश

- भोलेनाथ से क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि, शांति के लिए प्रार्थना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



सावन माह के दूसरे सोमवार को शहर के शिवालयों में सुबह से ही शिवभक्तों की भीड़ रही। भगवान भोले भंडारी को जल अर्पण करने लंबी-लंबी कतार लगी। रुद्रेश्वर घाट में कांवरियों द्वारा जल लेकर यात्रा निकालने की 33 साल की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए शिव भक्तों का विशाल समूह उमड़ पड़ा। कांवर यात्रा से पूर्व मां गंगा की भव्य एवं दिव्य सामूहिक आरती विधि-विधान से की गई जिसमें भाजपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीतेश गांधी, पूर्व पार्षदगण राजेंद्र शर्मा, पिंटू यादव व कुलेश सोनी शामिल हुए। प्रीतेश गांधी ने कहा कि धर्म की नगरी धमतरी अपने नाम के अनुरूप धर्म, आध्यात्म संस्कृति के कारण पृथक पहचान रखती है। इसे आगे बढ़ाकर आने वाली पीढ़ी को संस्कार के रूप में समर्पित करना हम सबका नैतिक धर्म है। उन्होंने स्वच्छता को सेवा एवं पूजा से जोड़कर अपनी जीवन शैली में समाहित करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनहित की भावनाओं की बात कही। मौके पर कृष्ण कुमार गुप्ता,शत्रुघन पांडे, होरीलाल साहू, वेदप्रकाश साहू, चंपालाल सिन्हा, श्रेयांश बिझेकर, वेदप्रकाश साहू, सोहन धीवर सहित बोल बम कांवरिया संघ के सदस्य उपस्थित थे।

# पूर्व जनपद सदस्य ने लगवाई सीमेंट कुर्सी





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पूर्व जनपद सदस्य जागेन्द्र साहू अपने जनपद कार्यकाल के बचे हुए फण्ड से सीमेंट कुर्सी लगवाने का काम कर रहे हैं। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने के बाद पुराने जनप्रतिनिधियों द्वारा अनुशंसा की गई राशि अभी ग्राम पंचायतों में पहुंची है। इसी तारतम्य में पूर्व जनपद सदस्य जागेन्द्र साहू ने जनपद विकास निधि मद से 2 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करवाई थी। उन्होंने विभिन्न जगह सीमेंट कुर्सी लगाने 1 लाख 50 हजार रुपये एवं रूद्री स्कूल में स्वागत द्वार बनाने 50 हजार रुपये दिए हैं। स्वागत द्वार का कार्य जल्द प्रारम्भ होने वाला है। पूर्व जनपद सदस्य ने बताया कि ये कुर्सी वृद्धजन, राहगीरों और स्कूली बच्चों के बारे में सोचकर लगवाई गई है। रोज सुबह बहुत से लोग मॉर्निंग वॉक करने आते हैं जिसमें अधिकांश बुजुर्ग होते हैं। सुबह स्कूल बच्चे भी स्कूल आटो, बस के लिये रोड किनारे खड़े रहते थे जिन्हें देखकर विचार आया कि रोड किनारे कुर्सी लगा देने से आमजनों को लाभ मिल सकेगा। श्री साहू ने अपने फण्ड से लगभग 25 कुर्सी लगवाई है। इससे ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है।

पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार में संतों का प्रवचन जारी

# परिस्थितियों को स्वीकार न करना ही दुख का कारण है : प्रशम सागर



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार में जैन मुनियों का प्रवचन जारी है। प्रशम सागर मसा ने कहा कि चातुर्मास काल सत्संग एक विशेष प्रयोजन से जुड़ा है। दो चीजें होती हैं जीवन में विकास करना और जीवन का विकास करना। जीवन में विकास करने पर अधिकतम वह एक ही भव के लिए होता है। किंतु जीवन का विकास भव भव का विकास होता है। जीवन में विकास शरीर के लिए होता है जबकि जीवन का विकास आत्मा के लिए होता है। परमात्मा कहते हैं कि एक बात इतना पुरुषार्थ कर लो कि जीवन का विकास हो जाए फिर सभी लक्ष्य सरलता से प्राप्त हो सकते हैं। जीवन में दुःख आने का कारण मन के अनुसार परिस्थितियों का न होना है। अर्थात परिस्थितियों को स्वीकार न करना ही दुख का कारण है। स्वीकार भाव सुख का कारण और प्रतिकार भाव दुख का कारण बनता है। हम परिस्थिति को नहीं बदल सकते किंतु उसे स्वीकार किया जा सकता है। परिस्थिति को स्वीकार करने वाला ही सुखी हो सकता है।

संसार में दो प्रकार के लोग होते हैं दुर्जन अर्थात अवगुणी तथा सज्जन अर्थात गुणी। दुर्जन और सज्जन दोनों के साथ एक जैसा व्यवहार करना चाहिए। ज्ञानी कहते हैं कि गुणी से मिलने पर स्वयं का गुण बढ़े और अवगुणी से मिलने पर उसे प्रभावित करके उसके जीवन को बदलने का पुरुषार्थ करना चाहिए। परिस्थिति के अनुसार स्वयं को बदलने का पुरुषार्थ ही सुख का करना बनता है। जिस सुख के बाद भविष्य में पीड़ा बढ़े या दूसरे का सुख कम हो या दूसरों का दुख बढ़े ऐसे सुख को छोड़ देना चाहिए। जिस पीड़ा के बाद सुख प पुरस्कार मिले या या सुख बढ़े। इसी को परिषह जय कहते है। शरीर का राग कम करने वाला ही आत्मा का विकास कर सकता है।

### छाती सोसाइटी परिसर में रोपे 150 पौधे

**पुरी।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति छाती में शनिवार को फलदार व फूलदार आम, जाम, नींबू, कटहल, जामुन, गुलमोहर के 150 पौधे रोपे गए। आश्रित ग्राम झिरिया में भी वृहद स्तर पर पौधरोपण कर मिट्टी, पानी, डालकर सुरक्षित किया गया। मौके पर नेहरू निषाद, दानेश्वरी यादव, ललित साहू, पालनहार, रमेश यादव, भेषजलाल साहू, मिस्त्रीलाल पटेल भाजपा भोथली मंडल अध्यक्ष, राजेश चन्द्राकर पंच, समेत समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, कृषकगण उपस्थित थे।

### पंच ने स्कूल के छात्रों को कराया न्योता भोज

**जीजामगांव।** ग्राम चटौद निवासी टिकेश्वर साहू ने स्कूल के बच्चों को न्योता भोज कराया। उसकी बेटी प्रेरणा साहू कक्षा 10वीं में अध्ययनरत हैं। उनके जन्मदिन पर शासकीय माध्यमिक व हाईस्कूल चटौद के सभी बच्चों को न्योता भोज में खीर-पूड़ी, चावल-सब्जी खिलाई। साथ ही हाईस्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत कदम का पौधा रोपा गया। टिकेश्वर साहू के इस सराहनीय कार्य के लिए सरपंच खेमचंद साहू, प्राचार्य एचआर मरकाम, व्याख्याता एसके कंवर, केपी साहू, प्रियंका शर्मा, आभा खरे, शिक्षक वासन्ती देवांगन, विश्रुति व्यास, भानु साहू, समन्वयक रमेश चन्द्राकर, दयानन्द वर्मा, प्रतीक तिवारी, धनेश्वरी साहू, सुकृति चन्द्राकर ने हर्ष जताया है।













